

## मानसिक स्वास्थ्य एक चुनौती है,संतुलन बनाए रखना जरूरीः द्रविड़

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत के पूर्व कप्तान और चैंपियन बल्लेबाज राहुल द्रविड़ का मानना है कि क्रिकेट जैसे कठिन खेल में मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखना बड़ी चुनौती है और खिलाड़ियों को व्यस्त कार्यक्रम और अनिश्चित भविष्य के तनाव से निपटने के लिए संतुलन बनाना चाहिए। ईएसपीएन क्रिकइन्फो से बातचीत में द्रविड़ ने कहा कि क्रिकेट से दूर रहकर सामंजस्य बिठाना कठिन होता है। उन्होंने कहा, 'यह बड़ी चुनौती है। क्रिकेट कठिन खेल है। इतनी प्रतिस्पर्धा और दबाव है और लड़के साल भर खेलते हैं। कई बार इस खेल में आपको इंतजार करना होता है और सोचने का काफी समय होता है।' ग्लेन मैक्सवेल और युवा विल पुकोव्स्की समेत तीन ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों ने मानसिक स्वास्थ्य का हवाला देकर खेल से ब्रेक लिया है। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के निदेशक द्रविड़ ने कहा कि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच खिलाड़ियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा, 'आपको मैदान के भीतर और बाहर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। संतुलन बनाए रखना जरूरी है।

# अभिमन्यु मिथुन ने डेढ़ महीने में झटकी दूसरी हैट–ट्रिक

### सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में एक ओवर में 5 विकेट

**क्रिकेट**

25 अक्टूबर को उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में भी हैट–ट्रिक ली थी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

सूरत। भारतीय तेज गेंदबाज अभिमन्यु मिथुन ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में हरियाणा के खिलाफ खेलते हुए एक ही ओवर में 5 विकेट लेने का कारनामा किया। इसमें 4 गेंदों में लगातार 4 विकेट भी शामिल रहे। यानी कर्नाटक के इस गेंदबाज ने एक ओवर में हैट–ट्रिक समेत कुल 5 विकेट झटके। उनके करिश्माई प्रदर्शन की बदौलत कर्नाटक ने यह मैच 8 विकेट से अपने नाम किया। यह एक वर्ष दूसरा मौका है, जब मिथुन ने हैट–ट्रिक ली। इससे पहले उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में हैट–ट्रिक ली थी।



**यूं पूरी हुई हैट-ट्रिकः** मैच में अभिमन्यु मिथुन ने 3 ओवर में 37 रन दिए थे, लेकिन कोई विकेट नहीं झटक सके थे। मैच में पारी का आखिरी ओवर करने आए तो उन्होंने पहली ही गेंद पर जमे बल्लेबाज हिमांशु राणा (34 गेंदों में 61 रन) को मयंक अग्रवाल के हाथों कैच कराकर चलता किया। दूसरी गेंद पर आईपीएल स्टार राहुल तेवतिया (20 गेंद, 32 रन) को पवेलियन भेजा। उनका कैच करुण नायर ने लपका। तीसरी गेंद पर सुमित कुमार (0) को आउट करते हुए मिथुन ने हैट–ट्रिक पूरी की। चौथी गेंद पर कप्तान अमित मिश्रा को आउट किया। मिश्रा भी खाता नहीं खोल सके। ओवर की आखिरी गेंद पर उनके शिकार जयंत यादव रहे, जो केएल राहुल के हाथों लपके गए। इस तरह से वह टी20 में लसिथ मलिंगा के बाद चार गेंदों पर चार विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बने।

**घरेलू क्रिकेट में 3 हैट-ट्रिक**

उल्लेखनीय है कि इन दो मौकों से पहले मिथुन फर्स्ट क्लास क्रिकेट में हैट–ट्रिक ले चुके हैं। उन्होंने पहली बार उन्होंने प्रथम श्रेणी में उत्तर प्रदेश के खिलाफ 2009 में हैट–ट्रिक चटकाई थी। इस तरह वह घरेलू क्रिकेट में तीन बार हैट्रिक लेने वाले वह पहले गेंदबाज बन गए हैं।

**ऐसा रहा मैचः** इस मैच में हरियाणा ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवरों में 8 विकेट पर 194 रन बनाए थे, जवाब में कर्नाटक की टीम ने महज 15 ओवरों में दो विकेट पर 195 रन बनाते हुए जीत दर्ज की। कर्नाटक के लिए केएल राहुल ने 31 गेंदों में 4 चौके और 6 छक्के की मदद से 66 रन बनाए, जबकि देवदत्त ने 42 गेंदों में 87 रनों की पारी खेली। उन्होंने 11 चौके और 4 छक्के जड़े। मयंक अग्रवाल 14 गेंदों में 30 रन बनाकर नाबाद रहे।

**केपीएल फिक्सिंग में आ रहा है नामः** उल्लेखनीय है कि मिथुन का नाम कर्नाटक प्रीमियर लीग में सट्टेबाजी और स्पॉट फिक्सिंग से भी जोड़ा जा रहा है। इस मामले में मिथुन पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर हैं जिससे इस मामले की जांच कर रही केंद्रीय क्राइम ब्रांच के अधिकारी सवाल–जवाब करेंगे। मिथुन केपीएल में शिवमोगा लायंस के कप्तान है।

# डेविस कपः भारत ने बनाई पाकिस्तान पर 2–0 से बढ़त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नूर सुल्तान। रामकुमार रामनाथन और सुमित नागल ने पाकिस्तान के अपने प्रतिद्वंद्वियों को टेनिस का कड़ा सबक सिखाते हुए डेविस कप मुकाबले में शुक्रवार को यहां भारत को 2–0 से बढ़त दिलाई। एकल मुकाबले पूरी तरह से एकतरफा रहे। रामकुमार ने पहले मैच में 17 वर्षीय मोहम्मद शोएब को केवल 42 मिनट में 6–0, 6–0 से शिकस्त दी। शोएब केवल दूसरे सेट के छठे गेम में थोड़ी चुनौती पेश कर पाए जब उन्होंने रामकुमार को दो ड्यूस अंकों तक खींचा।

नागल ने इसके बाद डेविस कप में अपनी पहली जीत दर्ज की। उन्होंने दूसरे एकल में हुफैजा



मोहम्मद रहमान को 64 मिनट तक चले मैच में 6–0, 6–2 से हराया। पाकिस्तान को अपने शीर्ष खिलाड़ियों की कमी खली जो यह मुकाबला तटस्थ स्थान पर करवाने के विरोध में हट गए थे। पहले मैच में जहां मुकाबला था नहीं, वहीं दूसरे मैच में पाकिस्तान के युवा खिलाड़ी हुफैजा ने नागल का जितना संभव हो लंबी रैलियों में उलझाने की कोशिश की। दूसरे सेट के दूसरे गेम में दो बार उन्होंने नागल ड्यूस अंकों तक खींचा और तीसरा गेम जीतकर पहली बार पाकिस्तान के नाम पर एक गेम लिखा।

**अब पेस की बारीः** इससे हालांकि नागल की जीत का इंतजार ही बढ़ा और उन्होंने 8वें गेम में मैच अपने नाम किया। अनुभवी लिएंडर पेस और जीवन नेदुंचेझियन अब शनिवार को युगल मैच में हुफैजा और शोएब से भिड़ेंगे। भारत अभी तक पाकिस्तान से छह मुकाबलों में कभी हारा नहीं है और इसके कायम रहने की पूरी संभावना है। शनिवार को जीत से पेस डेविस कप इतिहास में सर्वाधिक युगल मैच जीतने के अपने विश्व रेकॉर्ड को आगे बढ़ाएंगे। वह अभी 43 जीत के साथ शीर्ष पर हैं। इस मुकाबले का विजेता विश्व कप क्वालीफायर्स में क्रोएशिया से भिड़ेगा जो कि अगले साल छह और सात मार्च को खेला जाएगा।

## डे-नाइट टेस्ट के दौरान बारिश बनी बाधा तो वॉर्नर और बर्न्स का गेम शुरू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के ओपनर डेविड वॉर्नर और जो बर्न्स शुक्रवार को पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन बल्लेबाजी को उतरने से पहले श्रॉक पेपर सीजरश खेल में बिजी थे। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू ने वॉर्नर और जो बर्न्स के इस खेल का विडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया। ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच सीरीज का दूसरा और अंतिम टेस्ट मैच शुक्रवार से एडिलेड में शुरू हुआ।

बारिश ने इस मैच के पहले दिन बाधा डाली और इसी दौरान वॉर्नर और बर्न्स अपने खेल में बिजी हो गए। यह हाथों की उंगलियों से खेला जाता है, जिसमें तीन तरह से आप हाथ को शो कर सकते हैं। यदि मुट्ठी बंद हो तो रॉक होता है जबकि खुली होने पर पेपर कहा जाता है। वॉर्नर और बर्न्स का जो विडियो शेयर किया गया, उसमें बारिश के बाद खेल शुरू होने का इंतजार करते हुए दोनों बैठकर खेल रहे हैं। यह मैच पिंक बॉल से खेला जा रहा है और डे–नाइट फॉर्मेट में आयोजित होगा। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने एडिलेड ओवल में पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

## न्यूज डायरी



### सैयद मोदी टूर्नमेंटः सौरभ और ऋतुपर्णा सेमीफाइनल में, श्रीकांत बाहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लखनऊ। भारतीय शटलर सौरभ वर्मा और ऋतुपर्णा दास ने शुक्रवार को यहां सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नमेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया लेकिन किदाम्बी श्रीकांत क्वॉर्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गए। इस साल हैदराबाद और वियतनाम में दो बीडब्ल्यूएफ सुपर 100 खिताब जीतने वाले सौरभ ने क्वॉर्टर फाइनल में थाइलैंड के कुनलावुत वितिदसर्ण पर 21–19 21–16 से जीत दर्ज की। अब पुरुष एकल फाइनल में जगह बनाने के लिए 26 साल के सौरभ का सामना कोरिया के हियो क्वांग ही से होगा। हालांकि तीसरे वरीय श्रीकांत का संघर्ष जारी रहा और उनकी चुनौती दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी सोन वान हो से हारने से समाप्त हो गई। उन्हें 18–21 19–21 से हार का सामना करना पड़ा जो उनकी इस सातवें वरीय कोरियाई खिलाड़ी के खिलाफ 11 भिड़ंत में सातवीं पराजय है।

### डीडीसीए अध्यक्ष रजत शर्मा का इस्तीफा मंजूर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) अध्यक्ष रजत शर्मा ने एक बार फिर अपने पद से इस्तीफा दिया और इस बार लोकपाल न्यायाधीश (सेवानिवृत) बदर दुरेज अहमद ने उनका इस्तीफा मंजूर कर लिया। साथ ही मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रवि चोपड़ा का इस्तीफा भी मंजूर कर लिया गया है। उपाध्यक्ष राकेश कुमार बंसल, रजत का कामकाज संभाल सकते हैं। लोकपाल ने जो आदेश दिया है उसके मुताबिक, 'आज एक बजे, मुझे रजत शर्मा का एक मिला जिसमें उन्होंने लिखा था कि 16 नवंबर को पद से इस्तीफा दे दिया है, जिसके कारण उस पत्र में थे। उन्होंने कहा कि आदेश के कारण वह फिर भी अपने पद पर बने रहे। पत्र में उन्होंने बताया कि डीडीसीए में स्थिति काफी बुरी है और उनके लिए आगे काम करना नामुमकिन है। इसी कारण उन्होंने तत्काल प्रभाव से अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।'

### वेस्ट इंडीज ने अफगानिस्तान को 9 विकेट से दी मात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लखनऊ। वेस्ट इंडीज ने अपने ऑलराउंड खेल की बदौलत अफगानिस्तान को चारों खाने चित करते हुए दौरे का एकमात्र टेस्ट तीसरे दिन के शुरुआती सत्र में ही 9 विकेट से जीत लिया। लखनऊ स्थित अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में पहली पारी में 90 रन से पिछड़े अफगानिस्तान ने तीसरे दिन सात विकेट पर 109 रन के आगे खेलना शुरू किया और उसके बाकी तीन विकेट 7.1 ओवर में मात्र 11 रन और जोड़कर कुल 120 के स्कोर पर गिर गए। ये तीनों विकेट कैरेबियाई कप्तान जेसन होल्डर ने लिए। वेस्ट इंडीज को जीत के लिए 31 रन का लक्ष्य मिला जो उसने 6. 2 ओवर में क्रेग ब्रैथवेट (8) का विकेट खोकर बना लिए। जॉन कैम्पबेल 19 और शाई होप 6 रन बनाकर नाबाद रहे। अफगानिस्तान की तरफ से एकमात्र विकेट पदार्पण टेस्ट खेल रहे अमीर हमजा ने लिया।

### भारत दौरे के लिए वेस्ट इंडीज टीम की घोषणा, रसल और ब्रावो को जगह नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत दौरे के लिए वेस्ट इंडीज बोर्ड ने आज वनडे और टी–20 टीम की घोषणा की है, जो चौंकाने वाली है। टीम में आंद्रे रसेल और ड्वेन ब्रावो जैसे बड़े नाम शामिल नहीं हैं। हालांकि कप्तान के तौर पर कायरन पोलार्ड को बरकरार रखा गया है। भारत दौरे पर विंडीज टीम को 3 वनडे और 3 टी–20 मैच की सीरीज खेलनी है। 24 वर्षीय युवा विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरन टी–20 टीम के उपकप्तान होंगे, जबि शाई होप वनडे में उपकप्तान की भूमिका निभाएंगे। अबू धाबी में जारी टी–10 लीग में 6 मैच खेलने वाले दिग्गज ऑलराउंडर आंद्रे रसल फिट होने के बावजूद टीम में जगह नहीं बना सके हैं। दूसरी ओर, हाल ही में इंटरनैशनल क्रिकेट में कमबैक करने वाले पूर्व कप्तान ब्रावो को भी टीम में जगह नहीं दी गई है। स्टार ओपनर बल्लेबाज को भी टीम में शामिल नहीं किया गया है।